# गुटखा व्यापारी के अपहरण का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

## 15 दिन रैकी करने के बाद दिया था वारदात को अंजाम

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में आईटीसी व्यापारी ललित कृपलानी अपहरण मामले में पुलिस ने रविवार को खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 9 बदमाशों की मामले में संलिप्तता का खुलासा किया है। इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने 15 दिनों तक व्यापारी की रैकी की थी।

एसपी आदर्श सिद्धू ने बताया कि गुटखा व्यापारी ललित कृपलानी के अपहरण मामले में पुलिस ने ओडो का खेडा निवासी सन्नी ओड उर्फ संदीप ओड, विजय सिंह पथिक नगर निवासी सत्तू माली माली व बडा मंदिर सागानेर निवासी विजय सिंह सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं इसके साथी विजय सिंह पथिक नगर निवासी राहुल माली, पंचवटी निवासी विनोद सिंह, माली खेडा निवासी लक्ष्मण माली, सांगानेर निवासी कन्हैया पुरी, कोटडी निवासी लोकेश पुत्र व सांगानेर निवासी किशन पुरी की तलाश की जा रही है।

एसपी सिद्धू ने बताया कि शास्त्री नगर निवासी 42 वर्षीय ललित कुमार कृपलानी गुटखा व्यापारी हैं। उनका ऑफिस भी शास्त्री नगर में घर के पास ही है। शनिवार दोपहर करीब 2 बजे वे अपने ऑफिस से घर पर बाइक से खाना खाने जा रहे थे। सोनी हॉस्पिटल के पास पीछे से एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। कार में से 5 बदमाश उतरे और उन्हें जबरन बैठाकर ले गए। शाम 4 बजे ललित के पिता रमेश कृपलानी को कॉल पर बेटे को छोडने के लिए 5 करोड रुपए की फिरौती मांगी। परिजनों ने साढे 4 बजे शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आसपास के सभी क्षेत्र में अलर्ट कर दिया और तीन घंटे में व्यापारी को मुक्त करवाकर 3 बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया।


भीलवाड़ा कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में फिरौती के आरोपी।

- अन्य आरोपी की तलाश जारी

कोतवाल मुकेश वर्मा ने बताया कि अपहरण को अंजाम देने वाले यह सभी बदमाश जेल में एक दूसरे के संपर्क में आए थे। जिसके बाद से यह बडी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। इन्होंने व्यापारी ललित को बडा व्यापारी मानकर अपने टारगेट पर लिया था। लगातार 15 दिन रैकी करने के बाद इन्होंने वारदात को अंजाम दिया और आधे घंटे बाद ही बेटे के फोन से पिता को फोन कर 5 करोड़ की फिरौती मांगी, जिसके कारण 3 घंटे में आरोपी पुलिस की गिरफ्त के आ गए।

# नवरात्र आज से, मेहरानगढ़ में दर्शन की विशेष व्यवस्था की

## मेहरानगढ़ फोर्ट स्थित चामुण्डा मंदिर में दर्शन का समय सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा

**जोधपुर, (कासं)।** आसोजी नवरात्र इस बार 26 सितंबर से शुरू हो जाएंगे। घर घर घट स्थापना के साथ नवरात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जोधपुर शहर में स्थित माता के मन्दिरों को सजाया गया है। शहर में माता की प्रतिमा को लेकर भक्तों में भारी उत्साह छाया हुआ है।

मेहरानगढ फोर्ट में स्थित चामुण्डा मन्दिर में इस बार दर्शनों का समय सुबह सात से शाम पांच बजे तक ही रहेगा। पंडित घनश्याम त्रिवेदी ब्रह्म मुहूर्त में मां चामुण्डा, मां कालका, मां सरस्वती एवं बच्छराज की मूर्तियों को पवित्र जल से स्नान कराएंगे और लाल रंग की कोर तुर्रियाँ लगी पोषाक धारण करवाएंगे।

मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट के महाप्रबन्धक जगतसिंह राठौड़ के अनुसार नवरात्रा के समय प्रशासन के निर्देशानुसार मंदिर के द्वार प्रातः सात बजे से खोले जाएंगे इसलिए माताजी के दर्शन के लिए दर्शनार्थी प्रातः सात बजे से सायं पांच बजे तक मेहरानगढ में प्रवेश कर सकेंगे। उसके पश्चात प्रवेश निषेध व वर्जित रहेगा। सतवर्ती पाठ का संकल्प और स्थापना का मुहूर्त दोपहर 12.10 से 12.50 के बीच का निकला है। जोधपुर राजपरिवार की इष्ट देवी मां चामुण्डा की पूजा अर्चना करने के लिए पूर्व नरेश गजसिंह, हेमलता राज्ये उपस्थित रहेंगे।

**शुरू होगा दुर्गापाठ का वाचनः-** चामुण्डा मंदिर के पास उपासनालय कक्ष में नौ वेदपाठी ब्राह्मण स्थापना से नवमी 26 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक दुर्गापाठ का वाचन करेंगे। तीन अक्टूबर को अष्टमी की रात हवन प्रारंभ किया जाएगा जिसकी पूर्ण आहुति महानवमी चार अक्टूबर को दोपहर 12.10 से 12.40 बजे के बीच में पूर्व नरेश गजसिंह एवं हेमलता राज्ये द्वारा की जाएगी। महानवमी 4 अक्टूबर को दोपहर 12.50 से 01.05 से थापना के उत्थापना का मुहूर्त एवं 12.40 से 12.50 के बीच पूर्व नरेश गजसिंह की तिलक आरती होगी।

**इस तरह रहेगी प्रवेश की व्यवस्थाः-** प्रशासन के सुझावानुसार सभी व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जयपोल के बाहर से ही एक पंक्ति में लाईनों की व्यवस्था की जाएगी जो मंदिर तक रहेगी तथा डी.एफ.एम.डी. गेट से ही जयपोल व फतेहपोल से दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों, दिव्यांगों के लिए आने-जाने की व्यवस्था रहेगी और वे वहीं से जाएगे और वहीं से आएगे। इसी प्रकार पुरुषों एवं युवाओं के लिए सलीम कोट से होते हुए बसन्त सागर से आने-जाने की व्यवस्था रहेगी। इन सभी स्थानों पर बेरिकेड्स लगाने का कार्य जल्द ही प्रारम्भ किया जाएगा।

**एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की व्यवस्थाः-** एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की जा रही है जो जयपोल के बाहर तैनात रहेगी। इसी प्रकार ट्रस्ट की ओर से भी एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। इसी प्रकार चिकित्सा सेवाओं में ट्रस्ट की तरफ से भी डॉक्टर एवं कम्पाउडर की नियुक्ति की जाएगी जो नवरात्रा के दौरान सभी आवश्यक उपकरणों एवं मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्थाओं के साथ उपस्थित रहेंगे।

**सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम लगाएः-** सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है जो विभिन्न स्थानों पर दर्शनार्थियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखेंगे। साथ ही दो कंट्रोल रूम की भी स्थापना की जाएगी।

# रामपुरा बस्ती एरिया में चार साल से बन रहा पुल का एक हिस्सा गिरा, सात घायल

## बीकानेर में बन रहे इस पुल के साथ लोहा, सरिया और सपोर्ट पाइप भी गिर गए

**बीकानेर, (कासं.)।** रामपुरा बस्ती एरिया में बन रहा एक पुल रविवार दोपहर अचानक गिर गया। पुल के आसपास काम कर रहे सात लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया है। जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

बीकानेर के लालगढ़ रेलवे स्टेशन से निकलने वाली गाड़ियों के कारण बाधित हो रहे रास्ते को सुचारू करने के लिए पुल बन रहा है। पिछले चार साल से बहुत ही सुस्त चाल से ये पुल बन रहा है। रविवार दोपहर पुल का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके साथ लगा लोहा-सरिया और सपोर्ट में लगाए गए पाइप भी गिर गए। मलबा काफी एरिया में फैलने के कारण आसपास से निकल रहे और वहीं पर काम कर रहे सात लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि शेष छह को सामान्य चोट आई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नयाशहर पुलिस मौके पर पहुंची है। घायलों में सूरज विश्वकर्मा, सत्यजीत, राजकुमार, प्रहलाद, सुरेंद्र, प्रकाश, कमलेश, जेतीदेवी घायल हैं। ये सभी यहां काम कर रहे थे और सभी गोरखपुर के रहने वाले हैं।

ये पुल राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरएसआरडीसी) की ओर से बन रहा है। इस काम के लिए रेणु इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पास वर्क ऑर्डर है। पुल में दो तरफ का ट्राफिक डायवर्ट होना है। पुल टी आकार में बन रहा है ताकि दोनों तरफ से लोग पुल पर चढ़ सकें और रास्ता पार कर सके। फिलहाल रेलवे ट्रेक होने के कारण भारी वाहनों को काफी घूमकर आना पड़ता है। आरएसआरडीसी बहुत सुस्त गति से यहां काम करवा रहा है।

पुल का अधिकांश हिस्सा बन चुका है, लेकिन अंतिम रूप नहीं दिया जा रहा। जो हिस्सा गिरा है, वहां पुल की सड़क का काम अभी बाकी है। इसे ही बनाते समय हादसा हुआ है।नयाशहर थानाधिकारी वेदपाल ने बताया कि शटरिंग सहित कुछ हिस्सा गिरने से वहां काम कर रही लेबर को चोट आई है। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# युवक की मौत, ग्रामीणों ने शव लेने से मना किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वजीरपुर के खंडीप गांव में शराब के ठेके के पास एक युवक का शव मिला है। शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। मृतक युवक की पहचान योगेंद्र मीणा पुत्र रामधन मीणा के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर वजीरपुर थाना पुलिस, गंगापुर सीओ मुनेश मीणा सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

मृतक के शरीर पर चोटों के निशाना है और खून बह रहा है। परिजनों और ग्रामीणों ने मर्डर के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं और आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने तक शव लेने से मना कर दिया है। साथ ही ग्रामीण चौकी इंचार्ज को निलंबित करने, कलेक्टर को मौके पर बुलाने और मृतक परिवार को मुआवजा देने के साथ एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। सूचना पर वजीरपुर थाना पुलिस, गंगापुर सिटी सीओ मुनेश कुमार मीणा, एसडीएम जवाहर लाल जैन सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेकर लोगों से समझाइश की, लेकिन मांग पूरी नहीं होने पर परिवार के सदस्यों ने शव लेने से इनकार कर दिया है।

# एलन टैलेंटेक्स रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**कोटा, (निसं)।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा टैलेंटेक्स 2023 के लिए विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। देशभर के स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन कर रहे हैं। देश की बड़ी प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षाओं में से एक एलन टैलेंटेक्स में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। यह परीक्षा अलग-अलग राज्यों में 9 व 16 अक्टूबर को देशभर में आयोजित की जाएगी। एलन टैलेंटेक्स के रजिस्ट्रेशन जारी हैं, स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन करवाकर दोहरा लाभ ले सकते हैं, इसमें बेस्ट स्कॉलरशिप के साथ अर्ली-फी बेनिफिट पा सकते हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि टैलेंटेक्स में देश के प्रतिभावान स्टूडेंट्स को आगे लाने, उनके कॅरियर को संवारने के लिए सबसे सशक्त मंच है। इस परीक्षा में शामिल होकर स्टूडेंट्स कोचिंग शुल्क में रियायत पाकर सपने पूरे कर सकते हैं। इस वर्ष सिंगल स्टेज में फ्लाइन मोड में एग्जाम होगा। परीक्षा 9 तथा 16 अक्टूबर को जोन वाइज होगी। चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड में परीक्षा 9 अक्टूबर को होगी। टैलेंटेक्स में कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। टैलेंटेक्स में नेशनल व स्टेट रैंक के साथ ही स्टूडेंट्स को 250 करोड़ रुपए तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। हर स्टूडेंट को अलग से कॉम्पीटिटिव सक्सेस इंडेक्स भी जारी किया जाएगा। टैलेंटेक्स में सन 2022 तक करीब 10 लाख स्टूडेंट्स शामिल हो चुके हैं।

# दस साल के बच्चे का अपहरण

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के श्रीकरणपुर में दस साल के बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। हालांकि अभी इस संबंध में पुलिस में कोई केस दर्ज नहीं हुआ है लेकिन दोपहर में बच्चे के गायब होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शाम को बच्चा गांव उन्नीस ओ के पास झाड़ियों में मिला।

श्रीकरणपुर के गुरुसर में रहने वाले टीचर गुरमीत सिंह का दस साल का बेटा रिजक सिंह कस्बे के एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है। वह शनिवार को पढ़ने के लिए स्कूल गया। लौटते समय उसे स्कूल वैन ने घर के आगे छोड़ा इसी दौरान दो अज्ञात लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। उन्होंने उसे पीछे की तरफ से पकड़ा और कार में पीछे की सीट पर बैठा लिया। आरोपी उसे लेकर कुछ दूर निकले इसी दौरान वे सड़क किनारे रुके तो बच्चा उनके चंगुल से भाग छूटा। बच्चे रिजक सिंह ने बताया कि उसे दो अज्ञात लोगों ने घर के बाहर से अपहरण कर लिया। ये लोग उसे कार के पीछे की सीट पर बैठाकर कस्बे से बाहर निकल गए। इन लोगों ने उसे पूरी तरह दबा लिया। उन्नीस ओ की पुलिया के पास आरोपी कार से निकलकर बाहर खड़े हो गए। इसी दौरान रिजक सिंह को मौका मिला और वह भाग छूटा।

बच्चे के देर तक स्कूल से घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। स्कूल वैन के उसे घर के आगे छोड़ने की जानकारी मिलने पर बच्चे की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की गई। इसे देखकर किसी व्यक्ति ने बच्चे को उन्नीस ओ की पुलिया के पास पहचान लिया। वह उसे लेकर परिजनों के पास पहुंच गया। इस संबंध में देर शाम तक कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस अब इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिले के मक्कासर गांव में संदिग्ध हालत में युवक की मौत हो गई। युवक की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानूनी कार्रवाई से मना करने पर पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। अस्पताल चौकी में तैनात कांस्टेबल अनिल कुमार ने बताया कि जंक्शन थाना क्षेत्र के गांव मक्कासर में शनिवार देर रात को एक युवक की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार युवक नशे का आदी था।

# नशा बेचने का आरोप, तीन को लोगों ने दबोचा

**बीकानेर, (कासं)।** इंद्रा कॉलोनी एरिया में रविवार दोपहर उस समय हड़कम्प मच गया, जब क्षेत्र के लोगों ने कार में जा रहे कुछ युवकों को दबोच लिया। कार में छानबीन करते हुए मोहल्लावासियों ने आरोप लगाया कि स्मैक व अन्य नशे का सामान बेचने के लिए ये लोग बार-बार इस एरिया में आते हैं। फिलहाल सदर पुलिस कार सहित तीनों युवकों को थाने ले गई है।

फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है लेकिन युवकों के साथ उनके परिचितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दरअसल रविवार दोपहर एक सफेद रंग की कार को मोहल्ले में खड़ा देकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। आरोप लगाया गया कि इस कार में ही कुछ लोग नशे का सामान बेचने के लिए आते हैं। स्थानीय लोगों ने मिलकर तीनों युवकों को पकड़ लिया और अलग से बिठा दिया। बाद में सदर पुलिस मौके पर पहुंची।

- तीनों युवकों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया
- युवकों के कुछ परिचितों व रिश्तेदारों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है

लोगों ने कार में रखा सामान पुलिस को बताते हुए आरोप लगाया कि इसमें स्मैक सहित कई नशीला सामान है। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जामसर के रहने वाले तीनों युवकों को फिलहाल हिरासत में लिया है। कार भी पुलिस ने कब्जे में ली है। बताया जा रहा है कि इन तीनों से गहन पूछताछ की जा रही है। हालांकि कार में नशीली सामग्री पुलिस को नहीं मिली है। इसके बाद भी सख्ती से पूछताछ की जा रही है। इन युवकों के कुछ परिचितों व रिश्तेदारों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सीओ सदर पवन भदौरिया ने बताया कि फिलहाल छानबीन की जा रही है। तीनों युवकों को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पूछताछ के बाद ही स्पष्ट होगा कि इन लोगों ने नशीला सामान बेचा है या नहीं। फिलहाल हिरासत में लिया गया है। दरअसल स्मैक सहित कई तरह के नशे बीकानेर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिकते रहे हैं। जिस गाड़ी को रविवार दोपहर जब्त किया, वो गाड़ी भी कई बार इस एरिया में देखी गई है।

# गहलोत ने किए तनोट माता के दर्शन

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** सरहद की रक्षा करने वाली मातारानी तनोट राय के राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार सांय जयपुर में होने वाली विधायकों की बैठक से पहले विशेष विमान से आना जाना करके विधि विधान से पूजा अर्चना करके पुजारी से पंचामृत लेकर दर्शन किए और माता का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर उनके साथ रहे। ज्ञात रहे कि पूर्व में भी जब जब देश व प्रदेश में राजनीतिक उठापटक हुई है तब तब गहलोत तनोट माता की शरण में आते रहे हैं। रविवार को तनोट पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने शहीदों को पुष्पचक्र भेंट कर नमन किया। उसके बाद बीएसएफ के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

इस अवसर पर जादूगर माने जाने वाले गहलोत ने अपने चिर परिचित लहजे में कहा कि नए मुख्यमंत्री के लिए ऐसे चेहरे को मौका देना चाहिए जो अगले चुनावो में जीत दिला सके, क्योंकि राजस्थान में अगर वापसी करते हैं तो अन्य राज्यों में भी कांग्रेस सत्ता पर काबिज होगी। गहलोत ने कहा मैं चाहे कहीं भी रहूं अंतिम सांस तक राजस्थान की जनता की सेवा करता रहूंगा। इससे पहले जैसलमेर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर संभागीय आयुक्त कैलाशचन्द्र जैन और पुलिस के आलाधिकारी उपस्थित रहे। एयरपोर्ट पर मंत्री सालेह मोहम्मद ने साफा पहनाकर और जैसलमेर विधायक रूपाराम ने खादी की विश्व प्रसिद्ध पट्टू शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला द्वारा गहलोत को सूत की माला पहना कर स्वागत किया, परन्तु गहलोत द्वारा सूत की माला कल्ला को ही पहनाकर सम्मान किया।

एयरपोर्ट पर रानजी चौधरी, अशोक तंवर, पूर्व सभापति सुमार खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री गहलोत को सूत की माला पहनानी चाही परन्तु गहलोत द्वारा सभी कार्यकर्ताओं द्वारा लाई गई सूत की माला लाने वालों को ही पहना दी गई। हवाई जहाज से उतरते ही स्वागत कार्यक्रम के पश्चात तैयार खड़े हेलीकॉप्टर से गहलोत तनोट के लिए प्रस्थान कर गए।

# टक्कर से बालिका की मौत

**छबड़ा, (निसं)।** छबड़ा-धरनावदा मार्ग पर शुक्रवार को गोडियामेहर गांव की बालिका की कार दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने गुना से कार जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया हैं।

बापचा थानाधिकारी सुरेंद्र कुंतल ने बताया कि शुक्रवार को छबड़ा से गुना की ओर जा रही कार की टक्कर से गोडियामेहर निवासी छह वर्शीय वैदिका पुत्री बल्लभ शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों ने पहले पुलिस को एंबुलेस से टक्कर होने की जानकारी दी थी। परंतु सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने गुना से ईको कार को जब्त किया जो कि गुना निवासी इरफान खान की थी। कार को इरफान खान का ड्राईवर आरिफ खान शुक्रवार को कुछ रिश्तेदारो को छोड़ने कडैयावन आया था। वापस जाते समय कार की टक्कर से वैदिका की मौत हो गई।

# बारिश से फसल खराबे की गिरदावरी करवाने की मांग

## भाजपा के पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में उप जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा


पूर्व विधाक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसान मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। जिसमें पूर्व विधायक ने बताया कि सितंबर माह के आखिर में हुई बारिश के कारण गंगापुर सिटी विधानसभा क्षेत्र में किसानो की फसल चौपट हो गई।

बारिश के कारण खेतों में रखी कटी कटाई फसलों में पानी भरने से किसान के पास आंसू बहाने के सिवा कोई चारा नहीं हीं है। सरकार को इस समय संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत गिरदावरी के आदेश देकर किसानों के लिए मुआवजे की व्यवस्था करनी चाहिए। जिले में गंगापुर सिटी में सबसे ज्यादा बारिश के कारण तलावडा, वजीरपुर सहित उपखंड पर सर्वाधिक नुकसान हुआ है। सरकार को किसानों को टॉल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की हिदायत देकर अपने हाल पर नही छोडना चाहिए, बल्कि इस समय सरकार को आगे आकर किसानों की मदद करनी चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित आपदा नियमों के तहत 35 प्रतिशत खराबे पर मुआवजा देय है।

ऐसी स्थिति में जहां 70-80 प्रतिशत नुकसान हुआ हो, वहा सरकार को गिरदावरी करवा कर मुआवजा दिए जाने की पुख्ता व्यवस्था की जावे। मंडल महामंत्री मिथलेश व्यास ने बताया कि इस अवसर पर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पंचायत समिति प्रधान मंजू गुर्जर, शहर मंडल अध्यक्ष गिरधारी सोनी, जिला महामंत्री मनोज बंसल, जिला उपाध्यक्ष रामसिंह खटाना, पार्षद कमलेश महावर, सावित्री शर्मा, सूरज मास्टर, शलेन्द्र, ओमप्रकाश पटेल, गोपाल धमोनीया, सुशील दीक्षित, उदय सिंह गुर्जर, जमनालाल वैष्णव, वेदप्रकाश सोनवाल, रघुनाथ फोजी, बनवारी सिंह, रामभरोसी, हरिसिंह खारवाल, मेघराज सैनी, पुखराज गुर्जर, रूपसिंह गुर्जर अध्यक्ष जी एस एस,बत्ती लाल गुर्जर, नरसी गुर्जर, महेन्द्र मीणा, शिवहरी मीना पार्षद, धनसिंह मावई पार्षद, भवानी सिंह पार्षद, मनोज सोनी, रघुनाथ फौजी, हरकेश गुर्जर, मोहर आस्ट्रोली, श्रीफूल मीना, कालू मीना, बृजलाल मीना, चिरन्जी लोधा,मनीष सिराधना, नमोनारायण गुर्जर, मुकेश मीणा,संदीप सिंह, राहुल गर्ग आदि भाजपा समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर फसल खराबे को देखा


जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों को मौके पर जाकर देखा।

**भरतपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण कृषकों की फसलों को हुई क्षति का अवलोकन कर स्थानीय प्रशासन द्वारा फसल खराबा की विशेष गिरदावरी एवं आकंलन रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में मौके पर जानकारी ली। जिला कलक्टर रंजन ने रविवार को उपखण्ड कुम्हेर के ग्राम नगला जोधसिंह, बोरई, विजयनगर धनवाडा एवं आजऊ, उपखण्ड नदबई के ग्राम नाम एवं डहरा, उपखण्ड वैर के ग्राम हलैना, मालौनी, झालाटाला गांव में पहुंचकर मौके पर किसानों के फसल खराबे को देखा। उन्होंने कृषकों से संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि केसीसी धारक कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रिलायन्स बीमा कम्पनी द्वारा मुआवजा की राशि दिलाई जायेगी तथा शेष कृषकों को एसडीआरएफ योजना से फसल का मुआवजा राशि दिलाई जायेगी।

उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे गिरदावर एवं पटवारियों के माध्यम से 5 अक्टूबर तक विशेष गिरदावरी पूर्ण कराकर भिजवायें। उन्होंने समस्त पटवारियों एवं कृशि पर्यवेक्षक क्षेत्र के रिलायन्स कम्पनी के प्रतिनिधि के साथ मौके पर जाकर कृषकों के शत-प्रतिशत फसल खराबे का आंकलन कर उनके मुआवजे के आवेदन तैयार करायें जिससे उनको फसल खराबे का मुआवजा शीघ्र दिलाया जा सके। इस मौके पर उपखण्ड अधिकारी कुम्हेर वर्षा मीना, तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह, उपखण्ड अधिकारी नदबई विश्णु बंसल, तहसीलदार अनिल कुमार, उपखण्ड अधिकारी वैर मुनिदेव सहित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।